>

Title: Need to release funds from Central Road Fund for construction of roads in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी.वसावा (भरूच) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच एवं नर्मदा में कई ऐसी सड़कें हैं जो आर्थिक महत्व वाली हैं और इन जिलों का विकास इन्हीं सड़कों पर निर्भर है। राज्य परिवहन निगम एवं अन्य वाहनों की आवाजाही में कई परेशानियां हो रही हैं। नेतान, डिडिया पाडा, सागवारा वाल सड़क, दूसरी जम्मूसर टंकारी, देव्यला रोड एवं तीसरी इलावू खर्ज रोड एवं अन्य सड़कें बहुत ही खराब हैं। इन सड़कों पर कार्य करने के लिए स्वीकृति हो चुकी है, परन्तु केन्द्र सरकार ने अभी इन कार्यों को शुरू करने के लिए धनराशि जारी नहीं की है। राज्य सरकारों द्वारा इन सड़कों के लिए प्रस्ताव बहुत समय पूर्व भेजा गया था। इन सड़कों के ठीक तरह से न बनने और ऊबड़-खाबड़ रास्ते रहने के कारण इन जिलों के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसी तरह से गुजरात में आदिवासी एवं अन्य आर्थिक महत्व वाली सड़कें भी नहीं बन पा रही हैं, जिससे गुजरात के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की केन्द्रीय सड़क निधि में जो सड़कें स्वीकृत हो चुकी हैं, उनके लिए धनराशि जल्द से जल्द जारी करें।